# बीईएमएल लिमिटेड

*(भारत सरकार का उपक्रम)*

बीईएमएल सौधा, 23/1, चौथा मेन रोड, संपंगिराम नगर, बेंगलूर- 560 027, भारत

# BEML LIMITED

*(A Govt of India Undertaking)*

BEML Soudha, 23/1, 4th Main, Sampangirama Nagar, Bangalore-560 027, INDIA

## निश्चित कार्यकाल अनुबंध के आधार पर

## कनिष्ठ कार्यपालकों (जेई) की भर्ती

बीईएमएल लिमिटेड, जो उपकरणों के स्वदेशी निर्माण करने में अग्रणी है और एक भारत के इंजीनियरिंग क्षेत्र की अव्वल उद्योग है तथा रक्षा एवं वांतरिक्ष, खनन और निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे नानाविध क्षेत्रों वैश्विक मानक उत्पादों की आपूर्ति करता है और अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता, आंतरिक अनुसंधान एवं विकास, लागत-हितैषी एवं ग्राहकों को प्रभावी और रचनात्मक समाधान प्रदान के लिए जाना जाता है।

हमारे संगठन के मजबूत निर्माण करनेवाले लोगों को पोषण करने, बनाए रखने, हमारे मानव संसाधन के विकास करने में निरंतर जोर दिया जाता है, जिससे हमारे लोग ग्राहक प्रतिक्रिया, अभिनव और प्रौद्योगिकी, विश्वास और सम्मिलित कार्य और ज्ञानार्जन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'भविष्य के लिए तैयार' स्थिति में रहना सुनिश्चित किया जा सके।

हम पूरे भारत में स्थित अपने विभिन्न विनिर्माण यूनिटों, विपणन क्षेत्रीय और प्रधान कार्यालयों के लिए निर्धारित कार्यकाल अनुबंध के आधार पर कनिष्ठ कार्यपालकों को लेने के लिए युवा, परिणाम उन्मुख, आत्म प्रेरित पेशेवरों की तलाश करते हैं, जिसका विवरण नीचे दिए गए हैं :

| क्रम सं. | पद | योग्यता | अपेक्षित न्यूनतम अनुभव (योग्यता उपरांत) | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जेई-वित्त | इंटर सीए / इंटर सीएमए | 0-2 वर्ष | 27 वर्ष |
| 2 | जेई-मा.सं. | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक के साथ दो वर्षीय प्रथम श्रेणी के पूर्णकालिक एमबीए (एचआर / आईआर) / एमएसडब्ल्यू या एमए (एचआर / आईआर के साथ सामाजिक कार्य) / कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंधों में दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री / डिप्लोमा के साथ श्रम कानून सहित आईआर/एचआर में विशेषज्ञता के साथ पूर्णकालिक पाठ्यक्रम। (*अ.जा. / अ. ज. जा. / पीडबल्यूडी के लिए 5% की छूट*) | 0-2 वर्ष | 27 वर्ष |
| 3 | जेई- सूचना प्रौद्योगिकी (डिजिटल परिवर्तन)<br>(क)'.Net' डेवलपर्स<br>(ख) डेस्कटॉप सपोर्ट इंजीनियर<br>(ग) नेटवर्क सपोर्ट इंजीनियर | प्रथम श्रेणी के इंजीनियरिंग स्नातक / कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (एमसीए) में प्रथम श्रेणी (*अ.जा. / अ. ज. जा. / पीडबल्यूडी के लिए 5% की छूट*) | 0-2 वर्ष | 27 वर्ष. |

**ध्यान दें:**

1. उपर्युक्त ऊपरी आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट दी जाएगी।

2. भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी / ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आरक्षण होगा।

## कार्य का विवरण और ज़िम्मेदारी :

**जेई-वित्त :**

लेखे की तैयारी और रखरखाव, लेखा को अंतिम रूप देना और समेकन, राजकोष प्रबंधन, कराधान, बीमा, वेतनरोल, नकदी प्रबंधन, लेखा परीक्षा, आदि के लिए वित्त विभाग जिम्मेदार है। यह प्रबंधन को रणनीतिक निर्णय लेने के लिए प्रमुख आवश्यक जानकारी प्रदान करता है, ऐसा करते समय, विभाग विभिन्न सांविधिक और नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन में सहायता भी सुनिश्चित करता है ।

उपरोक्त पद के लिए नौकरी की जिम्मेदारियों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें भी होंगी :

i. पदधारी को लागत और बजट निर्धारण / मूल्य निर्धारण / प्राप्य और मालसूची का प्रबंधन / प्रदत्त बिल / बुक कीपिंग आदि में विभाग की सहायता करने की आवश्यकता होगी ।
ii. उन्हें वेतनरोल, भविष्य निधि, विच्छेद निकासी आदि के प्रबंधन में वित्त विभाग की सहायता करने की भी आवश्यकता होगी।
iii. वे खातों के समेकन करने और अंतिम रूप देने, आंतरिक लेखा परीक्षा करने में विभाग की सहायता करेंगे / करेंगी ।
iv. कोषागार प्रबंधन से संबंधित कार्यों में सहायता करना।

अधिमानित योग्यताएं ( केवल सांकेतिक):

- अति उत्तम सीखने की योग्यता ।
- टीम के कार्यकर्ता, ऊर्जावान और भरोसेमंद।
- पेशेवर क्षेत्रों पर अद्यतन रहना ।
- अच्छी बोलने और लिखित संचार करने में कौशल होना।
- पहल करने और अतिरिक्त प्रयास करने के लिए तत्पर।
- विश्लेषणात्मक और अच्छी व्यावसायिक जागरूकता होना।
- एमएस – ऑफिस सूट में कुशल।

**जेई - मानव संसाधन :**

मानव संसाधन अपने कार्यों और व्यावसायिक समूहों में प्रतिभा को भर्ती करने, विकसित करने, आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । बीईएमएल अपने विनिर्माण इकाइयों, विपणन क्षेत्रीय और प्रधान कार्यालय में पूर्ण विकसित मानव संसाधन विभाग रखता है।

उपरोक्त पद के लिए नौकरी की व्यापक जिम्मेदारियों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित बातें भी होंगी :

- विभिन्न मानव संसाधन कार्यों / विभागों को शामिल करते हुए दैनिक मानव संसाधन प्रबंधन क्षेत्रों की देखभाल करना ।
- समय पर मानव संसाधन अनुपालन सुनिश्चित करना, डेटाबेस बनाए रखना, रिपोर्ट और उत्तर की तैयारी ।
- विशेष रूप से आईटी प्लेटफॉर्म पर विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों पर विभाग का समर्थन करना ।
- कल्याण, अनुबंध प्रबंधन और सामान्य प्रशासन आदि।
- विभिन्न मानव संसाधन कार्यों जैसे प्रतिभा अधिग्रहण, सीखना और विकास, सक्षम प्रबंधन, कैरियर और प्रदर्शन प्रबंधन, पुरस्कार और मान्यता आदि की सहायता करना।
- अनुबंध श्रम प्रबंधन , मानव संसाधन नीतियों के कार्यान्वयन आदि सहित एचआर, आईआर, कानूनी और प्रशासन मामले में समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करना ।
- संबंधित मामलों के संबंध में समय – समय पर जारी अन्य निर्देश।

अधिमानित योग्यताएं ( केवल सांकेतिक):

- अच्छी बोलने और लिखित संचार करने में कौशल होना।
- सहनशील, मिलनसार, टीम वर्कर , ऊर्जावान होना।
- पहल करने और अतिरिक्त प्रयास करने के लिए तत्पर।

- विश्लेषणात्मक और अच्छी व्यावसायिक जागरूकता होना।
- एमएस – ऑफिस सूट में कुशल।

**<u>जेई- सूचना प्रौद्योगिकी (डिजिटल परिवर्तन) :</u>**

बीईएमएल अपने व्यवसाय संचालन का समर्थन करने के लिए एसएपी और अन्य आईटी अनुप्रयोगों को लागू करने में अग्रणी रहा है। बीईएमएल डिजिटल प्रौद्योगिकी की जगत की ओर पारगमन होने और अपने अनुप्रयोगों को अपने विनिर्माण इकाइयों, विपणन नेटवर्क और कार्यालयों में परिवर्तित करने में अग्रसर है। उसके साथ ही, बीईएमएल बृहत डेटा एनालिटिक्स और प्रयोगात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता में कदम रखता है। तदनुसार, बीईएमएल में आईटी विभाग को 'डिजिटल परिवर्तन' विभाग के रूप में जाना जाता है।

**(क)'.Net' डेवलपर्स**

- वेब अनुप्रयोगों और मोबाइल एप्स का डिजाइन, समर्थन और अनुरक्षण।
- मौजूदा .net अनुप्रयोगों के उन्नयन, विन्यास और ड़ीबगिंग का समर्थन करना।
- कोडिंग प्रलेखन, परियोजना प्रगति रिपोर्ट और अनुप्रयोग रखरखाव लॉग का विकास करना और बनाए रखना।

<u>वांछनीय योग्यताएं (केवल सांकेतिक):</u>

- माइक्रोसॉफ्ट टेक्नोलॉजी स्टैक (C#, VB, ASP.NET, ADO.NET, NetCore), और रिएक्ट जेएस और एमवीसी का उपयोग करके मजबूत कोडिंग अनुभव।
- वेब एपीआई, जावास्क्रिप्ट, JQuery , AngularJS, रिएक्ट जेएस, बूटस्ट्रैप में कार्यसाधक ज्ञान ।
- आरडीएमबीएस विशेष रूप से एमएस – एसक्यूएल की गहरी समझ और डिज़ाइन
- REST एपीआई विकास अनुभव में एक्सपोजर।
- अति उत्तम सीखने की योग्यता और सॉफ्ट कौशल
- अच्छा संचार और प्रस्तुति कौशल
- व्यावसायिक परिदृश्यों को शीघ्रता से समझने की क्षमता

**(ख) डेस्कटॉप सपोर्ट इंजीनियर**

- कंप्यूटर हार्डवेयर, बाह्य उपकरणों, ऑपरेटिंग सिस्टम, कार्यालय अनुप्रयोगों, एंटीवायरस, उपयोगिताओं आदि को स्थापित और कॉन्फ़िगर करना।
- सिस्टम की समस्याओं का निवारण करना और हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर दोषों का समाधान करना।
- फोन द्वारा, ईमेल द्वारा, व्यक्तिगत रूप से या रिमोट सपोर्ट टूल का उपयोग करके उपयोगकर्ता कॉल में भाग लेना।
- उपयोगकर्ता घटनाओं और समस्या समाधान के लिए टिकटिंग उपकरण बनाए रखना।
- उपयोगकर्ताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले डेस्कटॉप, लैपटॉप, वर्चुअल मशीन, स्मार्टफोन, स्कैनर, प्रिंटर और अन्य बाह्य उपकरणों से संबंधित समस्याओं का समाधान करना।

वांछनीय योग्यताएं ( केवल सांकेतिक ):

- कंप्यूटर हार्डवेयर सिस्टम, चिपसेट, मेमोरी मॉड्यूल और पेरिफेरल्स का ज्ञान ।
- सक्रिय निर्देशिका और ईमेल प्रणाली में उपयोगकर्ताओं को बनाए रखने का अनुभव।
- अति उत्तम सीखने की योग्यता और सॉफ्ट कौशल
- अंतिम उपयोगकर्ता कॉल की सेवा में गुणवत्ता और त्वरित प्रतिक्रिया
- बेहतर संचार कौशल
- सेवा उन्मुख व्यक्तित्व

**(ग) नेटवर्क सपोर्ट इंजीनियर**

- कंप्यूटर नेटवर्किंग उपकरणों को स्थापित करना और कॉन्फ़िगर करना ।

- नेटवर्क ट्रैफ़िक का समस्या निवारण और नेटवर्क समस्याओं का समाधान ।
- फोन द्वारा, ईमेल द्वारा, व्यक्तिगत रूप से या रिमोट सपोर्ट टूल का उपयोग करके उपयोगकर्ता कॉल में भाग लेना ।
- उपयोगकर्ता घटनाओं और समस्या समाधान के लिए टिकटिंग उपकरण बनाए रखना।
- हल उपयोग से अधिक बैंडविड्थ, केबलिंग दोष, नेटवर्क प्रिंटर, उपस्थिति प्रणाली नेटवर्क, वीसी से संबंधित मुद्दों, आदि से संबंधित मुद्दों का समाधान करना।

वांछनीय योग्यताएं ( केवल सांकेतिक ):

- कंप्यूटर हार्डवेयर सिस्टम, चिपसेट, मेमोरी मॉड्यूल और पेरिफेरल्स का ज्ञान ।
- सक्रिय निर्देशिका और ईमेल प्रणाली में उपयोगकर्ताओं को बनाए रखने का अनुभव।
- अति उत्तम सीखने की योग्यता और सॉफ्ट कौशल
- अंतिम उपयोगकर्ता कॉल की सेवा में गुणवत्ता और त्वरित प्रतिक्रिया
- बेहतर संचार कौशल
- सेवा उन्मुख व्यक्तित्व

## नियुक्ति की शर्तें और निबंधनें

i. उक्त नियुक्ति तीन वर्षों की अवधि के लिए निश्चित कार्यकाल के आधार पर होगी जिसे हर वर्ष विषय के प्रदर्शन, आचरण और व्यावसायिक आवश्यकताओं पर नवीकरणीय होगी । इस तरह की नियुक्ति को तीन वर्ष पूरे होने या परियोजना के पूरा होने पर, जो भी पहले हो, समाप्त कर दिया जाएगा।

ii. समेकित पारिश्रमिक (सभी समावेशी) इस प्रकार होगा - प्रथम वर्ष – रु.21,500/-; द्वितीय वर्ष – रु.23,500/- और तृतीय वर्ष – रु.25,500/-

iii. नौकरी की तैनाती का स्थान भारत भर में कहीं भी होगा।

iv. कंपनी की आवश्यकताओं के आधार पर, समय – समय पर या चरणबद्ध तरीके से आवश्यकता के अनुसार पर नियुक्ति प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

## चयन प्रक्रिया

उम्मीदवारों का चयन कंपनी चयन प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा , जैसा लागू हो , जिसमें लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल हैं ।

## सामान्य शर्तें

i) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।

ii) ऊपर उल्लिखित आयु और अनुभव दिनांक 01.06.2021 पर निर्धारित है।

iii) भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी / ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आरक्षण होगा।

iv) ऊपर बताई गई ऊपरी आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट दी जाएगी, यानी अ.जा. / अ.ज.जा. के लिए 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष।

v) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए लागू निर्धारित प्रपत्र में अ.जा. / अ.ज.जा. प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

vi) अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों** को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र ("नॉन-क्रीमी लेयर") प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। (प्रमाण पत्र भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप के अनुसार होना चाहिए) अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन प्रारूप के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग ("नॉन-क्रीमी लेयर") में होने के आशय पर आत्मवचन देकर उसमें हस्ताक्षरित करना होगा।

क. टिप्पणी : **अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार : कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय ज्ञापन सं.36012/22/93-स्था.(एससीटी) में निहित आदेशों के अनुसार सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन के लिए भारत सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के रूप में पहचाने गए समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों को प्रस्तुत करना है।

"नॉन-क्रीमी लेयर" : कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 13.09.2017 के कार्यालय ज्ञापन सं.36033/1/2013-स्था.(आरईएस) के अनुरूप में लगातार पिछले तीन वर्षों में उम्मीदवार के माता-पिता की सकल वार्षिक आय 8 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।]

vii) ईडबल्यूएस उम्मीदवारों को भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप में ईडबल्यूएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

viii) पीडबल्यूडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप में पीडबल्यूडी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

ix) उम्मीदवारों को निर्दिष्ट तिथियों पर विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को और आवेदन में दिए गए विवरण सही होना सुनिश्चित करना चाहिए। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी उम्मीदवार अपने पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने या उनके द्वारा झूठी सूचना देने या किसी तथ्य/विषय को छुपाने का पता लग जाए, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी। **यहाँ तक कि नियुक्ति के बाद किसी समय ऐसी कमी/कमियाँ पता लगाई गई, तो उनकी सेवाएँ बिना किसी सूचना के समाप्त की जाएगी।**

x) उम्मीदवारों द्वारा विज्ञापन में निहित शर्तों को मात्र पूरा करने पर परीक्षा / साक्षात्कार / चयन और नियुक्ति के लिए शामिल कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

xi) प्रबंधन को उम्मीदवारों की संख्या को प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

xii) विज्ञापन और / या चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार प्रबंधन अपने विवेकाधीन सुरक्षित रखता है।

xiii) उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय हिन्दी में उत्तर देने का विकल्प दिया जाएगा।

xiv) लिखित परीक्षा / साक्षात्कार (ऑन-लाइन) आदि के बारे में सूचना केवल ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी। साथ ही साक्षात्कार / अंतिम चयन के लिए शॉर्टलिस्ट / चयनित उम्मीदवारों की सूची कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

**कैसे आवेदन करें :**

i) उम्मीदवारों को **"एप्लाई ऑनलाइन"** लिंक को क्लिक करके और निर्धारित दिशानिर्देशों को पढ़ने और पोर्टल / फॉर्म में दर्ज किए गए डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने के बाद, केवल ऑनलाइन में ही अपना आवेदन प्रस्तुत करना है ।

ii) उम्मीदवार **www.bemlindia.in** के हमारे कैरियर पेज में ऑनलाइन आवेदन फॉर्म एक्सस कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण साइट दिनांक **18.05.2021 के प्रातः 9.00 बजे से 01.06.2021 के सायं 5.45 बजे तक** उपलब्ध रहेगा। उत्पन्न होनेवाली 'पंजीकरण संख्या' को भविष्य की सभी पत्राचार के लिए उल्लेख किया जा सकता है।

iii) ऑनलाइन आवेदनों के साथ, उम्मीदवारों को निम्नलिखित अपलोड करना आवश्यक है जिसके बिना उनके आवेदन अपूर्ण होंगे और अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

क. दसवीं की अंकसूची

ख. बारहवीं की अंकसूची

ग. बी.ई. / बी.टेक / एमसीए प्रमाण पत्र (यथा लागू)
*(सीजीपीए या आकलन की क्रेडिट प्रणाली के मामले में, उम्मीदवारों को संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार सीजीपीए / क्रेडिट को प्रतिशत में बदलने के लिए फॉर्मूला इंगित करना आवश्यक है।)*

घ. सी.ए. / सीएमए प्रमाण पत्र (यथा लागू)

ङ. भारत सरकार द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र (उदाहरणार्थ आधार, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आदि)

च. विस्तृत जीवन वृत्त

छ. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / पीडब्ल्यूडी / ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (यथा लागू)

iv) अपलोड की गई प्रतियां कहीं हमसे छूट न जाना सुनिश्चित करने हेतु, हम उम्मीदवारों से अनुरोध किया कि उपर्युक्त दस्तावेजों की स्कैन की गई कॉपियों को आवेदन भेजते समय उत्पन्न संख्या का उल्लेख करके ई मेल द्वारा fte2021@beml.co.in में अग्रेषित करें।

मामले में किसे भी पूछताछ के लिए, उम्मीदवार दूरभाष सं.080-22963279 तथा ई-मेल आई डी : fte2021@beml.co.in द्वारा प्रबन्धक (मा.सं.), भर्ती प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

तारीख: 17.05.2021 (विज्ञापन सं.KP/S/01/2021)

**शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो, केवल बीईएमएल वेबसाइट पर ही होस्ट किया जाएगा।**